RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 119 | SATURDAY 09-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


## गुस्ताखी माफ



बैग फेंकने की जगह, दे देते श्रीमान।
मोटी रिश्वत देखकर, शायद जाते मान।
शायद जाते मान, खिलाते उन्हें समोसा।
बदमाशों को नहीं, पुलिस पर रहा भरोसा।
कह साहिल कविराय, चतुरता काम ना आई।
भैया ऐसे फेंक, कहां नकदी बच पाई।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल




OMAXE
Turning dreams into reality
NEW LUDHIANA
LIFE CONNECTS HERE!
OMAXE NEW LUDHIANA
ARTISTIC IMPRESSION
ARTISTIC IMPRESSION
ARTISTIC IMPRESSION
EXCLUSIVE AMENITIES
200 FEET (60.96 MTR) WIDE ENTRANCE | 51 FEET (15.54 MTR) TO 80 FEET (24.38 MTR) WIDE INTERNAL ROAD | MIYAWAKI FOREST
WATER FOUNTAIN | PICKLE BALL COURTS | CRICKET PRACTICE PITCH | KIDS PLAYGROUND | OUTDOOR GYM
TREE GROVES WITH BIRDS HOUSE | HERBS GARDEN | PET PARK SAND LAWN MOUNDS | SENIOR CITIZEN SITTING PARK
AMPHITHEATRE | LAWNS FOR MULTI FUNCTIONAL ACTIVITIES | JOGGING & CYCLE TRAIL 3 METER WIDE
AND MANY MORE...
ARTISTIC IMPRESSION
ARTISTIC IMPRESSION
ARTISTIC IMPRESSION
ARTISTIC IMPRESSION
GET INAUGURAL DISCOUNT FOR LIMITED PERIOD*
SCAN FOR LOCATION
Project Name : Omaxe New Ludhiana
Location : Omaxe New Ludhiana, Sidhvan Canal Road, Issewal, Bassemi, Ludhiana, Punjab-141102
Project Promoted by: M/s Estatelance Developers Private Limited (Subsidiary of M/s Omaxe Ltd.) | CIN No.: U70109PB2022PTC056858
Regd. & Corp. Office: 07. Second Floor Omaxe Sector Satara, Pakhowal Road , Ludhiana (West), Punjab-142022
999 999 8886
www.omaxe.com
Disclaimer: This advertisement is indicative in nature & may not constitute as an offer of invitation for the purpose of registration/booking/sale. Visual and other representations including amenities, specifications in the advertisement are purely conceptual/artistic impressions/involves approximation/estimates and do not constitute a legal offering or binding. Actual could substantiality differ from the above. The viewer/prospective buyer may seek all such information including sanctioned plans, approvals, development schedule, time of delivery, specifications. facilities & amenities, from the company in respect of the connemed project/phasethat he/she may be interested in, before any such booking/reggistration, etc. Further, details of the project(s)/phase are available on the company/site/marketing office(s) and/or company website and on the website of RERA Punjab at www.rera.punjab.gov.in or at its office. *Terms & Conditions Apply

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
# यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## GST की दबिश: 350 करोड़ के बोगस बिलिंग केस में प्लास्टिक कारोबारी गिरफ्तार

FRAUD

लुधियाना/यूटर्न/08 मई। GST विभाग की मोबाइल विंग ने टैक्स चोरी के आरोप में एक प्लास्टिक कारोबारी को हिरासत में लिया। टीम ने उसे बयान दर्ज कराने के बहाने दफ्तर बुलाया और वहीं पकड़ लिया।

350 करोड़ की बोगस बिलिंग का खुलासा...जांच में करीब 350 करोड़ रुपये की फर्जी बिलिंग सामने आई है, जिससे बड़े स्तर पर टैक्स चोरी की आशंका है। कारोबारी की फैक्ट्री दोराहा के पास राजगढ़ इलाके में बताई जा रही है, जबकि मामले की जांच काफी समय से चल रही थी।

VOL: 11 | ISSUE 119 | SATURDAY 09-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## लिफ्टिंग न होने से नाराज डेयरी मालिकों ने निगम जोन डी के बाहर गोबर गिरा किया प्रदर्शन

# 10 प्रतिशत कमिशन लेकर बड़े साहब ने 22.17 करोड़ में टेंडर किया था अलॉट, चार महीने से बिना काम किए पेमेंट लेने की तैयारी में कंपनी


लुधियाना/यूटर्न/8 मई। लुधियाना के डेयरी संचालकों की और से गोबर लिफ्टिंग न होने से परेशान होकर शुक्रवार को सारा गोबर नगर निगम जोन-डी के बाहर गिराकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान संचालकों ने आरोप लगाया कि निगम द्वारा जिस कंपनी को ठेका दिया गया है, वे काम नहीं कर रही। जबकि दूसरी तरफ निगम द्वारा डेयरी संचालकों पर मामले दर्ज करवाए जा रहे हैं, यहां तक कि उनके पानी कनेक्शन बंद कर दिए गए हैं। बता दें कि इस गोबर टेंडर में 10 प्रतिशत का कमिशन खेल हुआ था। चर्चा है कि बड़े साहब ने कमिशन लेकर मनमर्जी तरीके से यह टेंडर अलॉयस वेस्ट मेनेजमेंट कंपनी को अलॉट करवा दिया था। ओएंडएम सेल के 22.17 करोड़ के इस टेंडर को पहले दोगुने रेट पर अलॉट किया गया, अब उक्त कंपनी द्वारा गोबर लिफ्टिंग भी नहीं की जा रही। चर्चा है कि चार महीने से लिफ्टिंग बंद है और अब कंपनी अंदरखाते अधिकारियों से सेटिंग करके पेमेंट लेने की तैयारी में हैं। लेकिन दूसरी तरफ डेयरी संचालकों ने प्रदर्शन कर डाला। जिसके चलते कंपनी के हाथों में पेमेंट आते आते रह गई। अब यह टेंडर विवादों में घिर चुका है। जिसकी जांच होने पर कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। देखना होगा कि अब मौजूदा निगम कमिश्नर नीरू कत्याल द्वारा इस मामले में क्या एक्शन लिया जाता है।



निगम ऑफिस बाहर फेंका गया गोबर

### सेटिंग कर कई गुना ज्यादा रेट पर दिया टेंडर

दरअसल, अलॉयस वेस्ट मेनेजमेंट कंपनी के पास कूड़ा लिफ्टिंग का भी टेंडर है। जिसमें वह शहर के अलग अलग हिस्सों से कूड़ा उठाती है। कई किलोमीटर दूर से लिफ्टिंग करने पर निगम उसे 425 रुपए प्रति टन के हिसाब से पैसा अदा करता है। वहीं कंपनी ने हैबोवाल और ताजपुर रोड डेयरियों का गोबर उठाने के लिए 22.17 करोड़ का टेंडर दिया। इस टेंडर मुताबिक कंपनी को सिर्फ 2 से 3 किलोमीटर दूर जाकर गोबर फेंकना है। जिसमें 639 रुपए प्रति टन के हिसाब से पैसा दिया जा रहा है।




### बड़े साहब ने जल्दबाजी में लगाया टेंडर

यह टेंडर पूर्व कमिश्नर आदित्य डेचलवाल के कार्यकाल के दौरान लगा था। चर्चा है कि बड़े साहब द्वारा यह टेंडर जल्दबाजी में लगाया है। क्योंकि एक तरफ पंजाब सरकार द्वारा अधिकारियों का तबादला कर दिया गया, जबकि दूसरी तरफ टेंडर से मिलने वाली कमीशन मरने का खतरा था। इसी के चलते बड़े साहब ने बिना सोचे समझे टेंडर जल्दबाजी में लगाया और पेमेंट अपनी जेब में डालकर चलते बने।

### सांसद सीचेवाल पर भी लगे गंभीर आरोप

डेयरी संचालकों का आरोप है कि नगर निगम ने डेयरियों के गोबर व पानी के ट्रीटमेंट के लिए कोई व्यवस्था नहीं की। जिस कंपनी को ठेका दिया, वह गोबर उठाती नहीं है। जिस कारण वहीं पर गंदगी जमा हो रही है। उनका आरोप है कि डेयरी कांप्लेक्स में तीन से चार फुट पानी भरा हुआ है। निगम खुद काम नहीं करता और पर्चे डेयरी संचालकों पर कर रहे हैं। यह सब सांसद बलबीर सिंह सीचेवाल के कहने पर किया जा रहा है।

### शर्तें पूरी न करने के बावजूद अलॉट किया टेंडर

चर्चा है कि निगम द्वारा पहली बार गोबर टेंडर लगाया गया तो ग्रोमैक्स टेक्नोलॉजी प्रा. लि. और अलॉयंस वेस्ट मेनेजमेंट कंपनी द्वारा टेंडर डाला गया। जिस पर निगम द्वारा ग्रोमैक्स टेक्नोलॉजी की बीड यह कहकर कैंसिल कर दी कि उसे गोबर उठाने का एक्सपीरियंस नहीं है। बीड में एक कंपनी रहने के कारण दोबारा टेंडर लगा। दूसरी बार अकेले अलॉयंस कंपनी ने टेंडर डाला। निगम को चाहिए था कि अगर दूसरी बार किसी और कंपनी ने बीड नहीं की तो टेंडर 1-2 बार दोबारा कराया जा सकता था। शर्तों की बात करें तो अलॉयंस ने भी गोबर लिफ्टिंग नहीं की, फिर वह भी टेंडर से बाहर होनी चाहिए थी। मगर फिर बड़े साहब ने स्कीम लगाई। बड़े साहब की अगुवाई में अधिकारियों ने सरकार के नियम को लागू किया। नियम मुताबिक अगर कंपनी का रेट एस्टिमेंट से कम हो तो सिंगल टेंडर भी दिया जा सकता है। आखिर अलॉयंस कंपनी को 2.074 प्रतिशत लैस पर टेंडर अलॉट हुआ।

### तीन साल है टेंडर

चर्चा अनुसार टेंडर में अलॉयंस कंपनी को पहले साल 639 रुपए टन के मुताबिक पैसे मिलेगें। दूसरे साल 674 रुपए 15 पैसे के मुताबिक और तीसरे साल 711 रुपए 23 पैसे मुताबिक पेमेंट अदायगी होगी। चर्चा है कि निगम अधिकारियों द्वारा जानबूझकर ऐसी शर्तें रखी जाती है, जो कोई ठेकेदार आसानी से पूरी न कर सके। लेकिन इस टेंडर में तो अलॉयंस कंपनी भी शर्तें पूरी नहीं करती, फिर भी टेंडर दे दिया।

### एसई कमीशन खेल वाले बड़े साहब दोबारा छाए

पिछले साल विजिलेंस द्वारा एसई संजय कंवर को 10 प्रतिशत कमीशन मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। तब एसई ने पूछताछ में खुलासा किया था कि बड़े साहब के कहने पर उसने कमीशन मांगी थी, क्योंकि उनकी भी इसमें हिस्सेदारी थी। बता दें कि एसई कमीशन खेल में शामिल बड़े साहब की और से ही गोबर टेंडर में कमीशन का खेल किया गया है।

### पेमेंट लेने की तैयारी में थी कंपनी

चर्चा है कि कंपनी द्वारा पिछले चार महीने से गोबर लिफ्टिंग नहीं की जा रही। लेकिन कंपनी द्वारा निगम के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके अंदरखाते पेमेंट लेने की तैयारी की जा रही है। लेकिन इस बीच डेयरी संचालकों ने कंपनी की पोल खोल दी।

# नगर निगम चुनाव 2026: पंचकूला में सुरक्षा कड़ी, आज से सभी 24 नाके एक्टिव

पंचकूला/यूटर्न/08 मई। आगामी नगर निगम चुनाव 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पंचकूला पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।

इसी कड़ी में डीसीपी Srishti Gupta ने पुलिस लाइन में एसीपी स्तर के अधिकारियों, पेट्रोलिंग पार्टी इंचार्जों और विभिन्न नाका प्रभारियों के साथ बैठक कर चुनाव ड्यूटी को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

डीसीपी ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है। इसके तहत 5 इंटरस्टेट नाके, 2 इंटर-



डिस्ट्रिक्ट नाके और अन्य 17 नाकों सहित कुल 24 नाके सक्रिय किए गए हैं। सभी नाकों पर पुलिस कर्मियों को संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि चुनाव को प्रभावित करने की किसी भी कोशिश को समय रहते रोका जा सके।

# मुद्दई सुस्त, गवाह चुस्त! मौका परस्तों का भाजपा की ओर बढ़ता झुकाव

## पंजाब में बदलते सियासी संकेत, भाजपा से नजदीकियां बढ़ा रहे हैं राजनेता

अशोक सहगल

लुधियाना यूटर्न 8 मई। सदियों से एक कहावत सुनने को मिलती है की समय बहुत बलवान है। राजनीतिक दृष्टिकोण से इसकी ताजा मिसाल पंजाब में भाजपा की स्थिति है। एक्सपर्ट्स की माने तो कुछ दिनों पहले तक ऐसी मिथ रही है की पंजाब में भाजपा का सत्तासीन होना मुंगेरी लाल के हसीं सपने जैसा है लेकिन गत दिनों आप पार्टी के 7 राजयसभा मैंबरों का राधव चड्ढा के नेतृत्व में भाजपा में शामिल होने के बाद से पंजाब राजनीती का रुख एवं सोचनी ही बदल डाली है। चचार्ओं की माने तो आज मौका प्रस्त राजनेता अपनी पार्टी को छोड़ पंजाब भाजपा की नांव में सवार होने के अवसर




तलाश रहा है वही 21 राज्यों में भाजपा का वर्चस्व बनने के बाद देश में भाजपा समर्थकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है पश्चिम बंगाल में चुनाव जीतने के बाद जैसे ही यह चर्चा शुरू हुई कि अब भाजपा का रुख पंजाब की ओर होगा भाजपा नेताओं को निरंतर दूसरी पार्टी के राजनेताओं के दिन रात बधाई के कॉल आ रहे है। देखने वाली बात यह है कि भारतीय जनता पार्टी की हाईकमान ने अभी तक पंजाब में आगामी चुनाव में अपने दिलचस्पी खुलकर जाहिर नहीं की है परंतु उसके हर कदम को आने वाले चुनावो से जोड़कर देखा जा रहा है मसलन कहीं ईडी की रेड हुई तो यह माना जाने लगा कि भाजपा ने चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है विपक्षी पार्टी के नेताओं को डराया जा रहा है। दिलचस्प बात यह है की इससे पहले की भाजपा विपक्षी पार्टी के नेताओं को अपनी ओर आकर्षित करें विपक्षी पार्टी के नेताओं ने खुद ही भाजपाइयों से अपने संबंध सुधारने शुरू कर दिए हैं। इस सिलसिले में होने वाली पार्टियो विवाह शादियों अथवा अन्य कार्यक्रमों में भाजपा के नेताओं से लोग किसी न किसी बहाने से मिल रहे हैं कोई अपने पुराने संबंधों को लेकर बात करता है तो कोई दूर की रिश्तेदारी की।

# अवैध हथियार के साथ तीन लोग गिरफ्तार, 6 पिस्टल, 12 जिंदा कारतूस और 4 खाली खोल बरामद

मोहाली/यूटर्न/8 मई। मोहाली पुलिस ने अवैध हथियार और कारतूस बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग पिस्टल, कारतूस और खाली खोल बरामद किए गए हैं। मामले में एक आरोपी अभी फरार बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक उक्त टीम को सूचना मिली थी कि गांव बडाला निवासी विकास उर्फ लकी, जिसके खिलाफ मारपीट और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं, अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बडाला के पास नाकाबंदी कर उसे दबोच लिया।



तलाशी के दौरान उसकी कार से अवैध हथियार बरामद हुए। पुलिस ने उसके साथी अनीश कुमार को भी गिरफ्तार किया। अनीश मूल रूप से सोनीपत का रहने वाला है और फिलहाल चंडीगढ़ में रह रहा था। उसके खिलाफ अमृतसर, फरीदकोट और मोहाली में अवैध हथियार और मारपीट के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने गांव बडाला, नवांशहर निवासी प्रदीप सिंह को भी गिरफ्तार किया है। हालांकि प्रदीप के खिलाफ पहले कोई मामला दर्ज नहीं है।

**यह हथियार हुए बरामद...** आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने तीन .32 बोर पिस्टल, एक .30 बोर पिस्टल, एक .45 बोर पिस्टल और एक .12 बोर पिस्टल बरामद की है। इसके अलावा बड़ी संख्या में जिंदा कारतूस और खाली खोल भी मिले हैं। पुलिस ने फरार आरोपी साजन के खरड़ स्थित फ्लैट की छत से भी एक .45 बोर पिस्टल बरामद की है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# टेनेंसी एक्ट के विरोध में चंडीगढ़ जिला बार एसोसिएशन की हड़ताल, 13 मई तक न्यायिक कार्य से रहेंगे दूर

चंडीगढ़/यूटर्न/08 मई। प्रस्तावित टेनेंसी एक्ट के विरोध में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चंडीगढ़ ने 13 मई तक पूर्ण हड़ताल का ऐलान किया है। यह फैसला 8 मई को जेंट्स बार रूम में आयोजित आपात बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

बार एसोसिएशन की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, अधिवक्ता बुधवार 13 मई तक सभी न्यायिक कार्यों से दूर रहेंगे। हड़ताल के दौरान ट्रैफिक चालान सहित किसी भी मामले की सुनवाई या पेशी में भाग नहीं लिया जाएगा।




एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि सभी सदस्य, नोटरी और ओथ कमिश्नर भी हड़ताल में शामिल होंगे। हड़ताल के दौरान अदालत में पेश होने या अपने इंटर्न को भेजने वाले सदस्य पर 2 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा।

बैठक में टेनेंसी एक्ट के खिलाफ उचित रिट याचिका दायर करने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन भी किया गया। वहीं, आगे की रणनीति तय करने के लिए बैठक 13 मई को सुबह 11 बजे फिर से बैठक बुलाई गई है। बार एसोसिएशन ने सभी सदस्यों से एकजुट रहने और आंदोलन को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग की अपील की है।

# पत्रकार से दुर्व्यवहार मामले में डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने तुरंत लिया संज्ञान, सब इंस्पेक्टर व एएसआई लाइन हाजिर, इंस्पेक्टर से मांगा जवाब, तीनों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू

पंचकूला/यूटर्न/08 मई। पंचकूला में एक पत्रकार के साथ पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए कथित दुर्व्यवहार के मामले में आज पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस उपायुक्त कार्यालय पहुंचा, जहां उन्होंने डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम से अवगत करवाया। प्रतिनिधिमंडल ने पत्रकार के साथ हुए अनैतिक व्यवहार और पुलिस कर्मियों के रवैये को गंभीर विषय बताते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग रखी।



मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसीपी ने तुरंत संज्ञान लिया और सब इंस्पेक्टर सौरव रावत तथा एएसआई गुरमेज सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। वहीं मामले में संबंधित इंचार्ज इंस्पेक्टर निर्मल सिंह से जवाब तलब करते हुए तीनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। इस मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए पंचकूला पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज ने स्पष्ट रूप से कहा कि मीडिया लोकतंत्र का एक मजबूत और जिम्मेदार स्तंभ है, जिसकी कार्यप्रणाली का पुलिस विभाग पूर्ण सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज बनकर जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हैं और सामाजिक जिम्मेदारियों को मजबूती से निभाते हैं, जिसकी पंचकूला पुलिस सराहना करती है। डीसीपी ने आश्वस्त किया कि भविष्य में किसी भी पत्रकार के साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार, अभद्रता या अनैतिक व्यवहार बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा पुलिस विभाग पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करता रहेगा।

# लुधियाना में यूरिया की कालाबाजारी का भंडाफोड़, 560 बोरे बरामद



लुधियाना/यूटर्न/08 मई। जिले के खुदाई चक क्षेत्र में खाद की कालाबाजारी का बड़ा मामला सामने आया है। कृषि विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर श्री श्याम राइस मिल में छापेमारी कर 560 बोरे यूरिया खाद बरामद किए हैं। यह कार्रवाई मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. गुरदीप सिंह के नेतृत्व में की गई। जांच के दौरान पता चला कि यह यूरिया बिना लाइसेंस अवैध रूप से स्टोर किया गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि खाद की सप्लाई नियमों का उल्लंघन करते हुए निजी लाभ के लिए की जा रही थी। मौके पर मिले दस्तावेजों से यह भी संकेत मिला कि सब्सिडी वाली खाद को अवैध तरीके से खरीदकर जमा किया गया था।

कृषि विभाग ने बताया कि संबंधित राइस मिल मालिक के पास खाद बिक्री का लाइसेंस नहीं था। साथ ही उसकी दुकान से भी बिना अनुमति खाद का स्टॉक बरामद हुआ। मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम और फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर के तहत कार्रवाई की गई है और पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। मुख्य कृषि अधिकारी ने कहा कि किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। टीम में कई कृषि अधिकारी भी शामिल रहे।


पेज 12 11 मई से लैंड मॉर्गेज बैंकों के बाहर पक्के धरने देंगे...

# 'बीजेपी को वोट दें, हम आपके लिए दुल्हन ढूंढेंगे': पटौदी MLA का निकाय चुनाव में वादा, हरियाणा में 'बैचलर संकट' से जूझ रहा

चंडीगढ़/यूटर्न/8 मई। हरियाणा में चल रहे नगर निकाय चुनाव प्रचार के दौरान एक ऐसी टिप्पणी सामने आई है, जिसने लोगों को हंसाया भी है और असहज भी किया है। पटौदी से बीजेपी की विधायक बिमला चौधरी ने वादा किया है कि अगर रेवाड़ी में बीजेपी नगर निकाय चुनाव जीतती है, तो वह अविवाहित पुरुषों को दुल्हन ढूंढने में मदद करेंगी। इस वादे ने एक बार फिर दक्षिण हरियाणा में गहरे जड़ जमा चुके लैंगिक असंतुलन और बढ़ते १बैचलर संकट१ की ओर ध्यान खींचा है। गुरुवार को रेवाड़ी में बीजेपी नगर परिषद की उम्मीदवार विनीता पिप्पल के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए चौधरी ने वहां मौजूद लोगों से कहा, १हमें वोट दें और मैं युवा अविवाहित पुरुषों की शादी करवाने की जिम्मेदारी भी लेती हूं।१ मंच पर मौजूद हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने मजाकिया अंदाज में कहा कि विधायक ने तो रेवाड़ी में एक तरह से १मैरिज ब्यूरो१ ही खोल दिया है।



## पहले भी करवाई हैं शादियां

बाद में, चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने पहले भी रेवाड़ी और आस-पास के इलाकों के कई अविवाहित पुरुषों की शादी पलवल और उससे सटे जिलों की महिलाओं से करवाने में मदद की है। उनकी यह टिप्पणी हरियाणा के राजनीतिक गलियारों में तेजी से वायरल हो गई।

## इस मजाक के पीछे कड़वी सच्चाई

हालांकि, इस राजनीतिक मजाक के पीछे एक कड़वी सामाजिक सच्चाई छिपी है, जो दशकों से दक्षिण हरियाणा के बड़े हिस्से को परेशान करती आ रही है। कन्या भ्रूण हत्या और लैंगिक भेदभाव के कारण हरियाणा में लंबे समय से देश के सबसे खराब लिंगानुपातों में से एक दर्ज किया जाता रहा है। 2011 की जनगणना के अनुसार, राज्य में हर 1,000 पुरुषों पर केवल 879 महिलाएं थीं, जबकि बाल लिंगानुपात (0-6 वर्ष) तो और भी चिंताजनक था, हर 1,000 लड़कों पर सिर्फ 834 लड़कियां हैं।

## कई जिलों में महिलाओं की कमी

विशेषज्ञों का कहना है कि इस असंतुलित अनुपात के कारण अब रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, झज्जर और गुरुग्राम के कुछ हिस्सों जैसे जिलों में शादी योग्य महिलाओं की भारी कमी हो गई है, जिसके चलते कई परिवारों को दूसरे राज्यों से दुल्हनें ढूंढनी पड़ रही हैं। कई गांवों में, 30 और 40 साल की उम्र के पुरुष इसलिए अविवाहित रह जाते हैं, क्योंकि शादी के लिए योग्य महिलाओं की संख्या लगातार कम होती जा रही है।

## यह मुद्दा नया नहीं

हरियाणा की राजनीति में यह मुद्दा कोई नया भी नहीं है। इससे पहले भी, बीजेपी के वरिष्ठ नेता ओपी धनखड़ ने यह सुझाव देकर देशव्यापी विवाद खड़ा कर दिया था कि हरियाणा के अविवाहित पुरुषों के लिए बिहार से दुल्हनें लाई जाएंगी। रेवाड़ी नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान 10 मई को होना है, और इसके नतीजे 13 मई को घोषित किए जाएंगे।

# सेक्टर-34 में लगेंगी हाई मास्ट लाइट्स, अंधेरे वाले क्षेत्रों को मिलेगी राहत

चंडीगढ़/यूटर्न/08 मई। सेक्टर-34 के कमर्शियल और इंस्टिट्यूशनल क्षेत्र को अधिक सुरक्षित और रोशनी युक्त बनाने की दिशा में नगर निगम ने नई हाई मास्ट लाइट्स परियोजना की शुरूआत की है। वार्ड नंबर-23 की पार्षद ढशी छं३ ने परियोजना का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम बीएसएनएल कार्यालय और पिकाडली पार्किंग के पास आयोजित किया गया। यह परियोजना सेक्टर-34 के उन हिस्सों को कवर करेगी, जहां लंबे समय से पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इनमें



लाइब्रेरी एरिया, इंस्टिट्यूशनल जोन, टॉय होटल और मुकुट हॉस्पिटल के आसपास का क्षेत्र शामिल है। पार्षद प्रेम लता ने कहा कि सेक्टर-34 के प्रमुख पार्किंग स्थलों और व्यावसायिक क्षेत्रों में बेहतर रोशनी की लंबे समय से मांग की जा रही थी। हाई मास्ट लाइट्स लगने से न केवल रात के समय लोगों की आवाजाही सुगम होगी, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि पिछले करीब 25 वर्षों से अंधेरे वाले रास्तों के कारण स्थानीय व्यवसायियों और कोचिंग सेंटरों में पढ़ने वाले लगभग 20 हजार विद्यार्थियों को असुरक्षा महसूस होती थी। नई लाइट्स लगने के बाद क्षेत्र में सुरक्षा और सुविधा दोनों में सुधार होगा। इस अवसर पर एसडीओ राजदीप, जेई राजदीप सिंह, एम.एस. भल्ला, अजय, रणदीप सिंह, बलजीत, निर्मल, मंजीत और विक्रम सहित कई गणमान्य निवासी और व्यवसायी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने इस पहल को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

# तथास्तु फाउंडेशन ने डीसी को बस स्टैंड बाहर फुट ओवर ब्रिज की मांग संबंधी दिया पत्र

लुधियाना/यूटर्न/8 मई। शहर में बढ़ती ट्रैफिक समस्या और आम लोगों की सुरक्षा को लेकर तथास्तु फाउंडेशन ने डिप्टी कमिश्नर लुधियाना को पत्र सौंपकर बस स्टैंड से भारत नगर चौक जाने वाली लिंक रोड पर फुट ओवर ब्रिज बनाने की मांग उठाई है। फाउंडेशन की अध्यक्ष गुरदीप कौर उर्फ गोल्डी गंभीर, नगमा कोशल, रितिका भल्ला, ज्योति ने कहा कि उक्त सड़क पर दिनभर भारी ट्रैफिक रहता है। बड़ी संख्या में लोग बस स्टैंड आने-जाने के दौरान सड़क



पार करते हैं, जिससे अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है। वहीं तेज रफ्तार वाहनों के बीच सड़क पार करना लोगों के लिए खतरे से खाली नहीं है। इसके साथ कहा कि स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, महिलाएं, बुजुर्ग और रोजाना सफर करने वाले लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। सड़क पार करने के दौरान हादसों का खतरा लगातार बना रहता है, जबकि ट्रैफिक बाधित होने से लोगों का समय भी बर्बाद होता है। तथास्तु फाउंडेशन ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द फुट ओवर ब्रिज निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाए।

# चंडीगढ़ को स्वच्छ और हरित शहर बनाने में जनभागीदारी अहमः डीसी निशांत कुमार यादव



चंडीगढ़/यूटर्न/08 मई। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के तहत चंडीगढ़ प्रशासन ने शहरवासियों से स्वच्छता को लेकर फीडबैक साझा करने की अपील की है। उपायुक्त चंडीगढ़ द्ध२ॅल्ल३ ड्४ें१ 'ि ने नागरिकों की सहभागिता को शहर की स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने का महत्वपूर्ण आधार बताया।

उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन स्वच्छता, बेहतर सैनिटेशन व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण को लेकर लगातार कार्य कर रहा है। शहर को साफ-सुथरा और हरित बनाए रखने के लिए आम जनता की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है।

डीसी ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने सुझाव व फीडबैक साझा करें, ताकि चंडीगढ़ को देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल किया जा सके।

# बिंद्रा कॉलोनी में निगम Vs बाहुबली ! निगम का पीला पंजा भी बेअसर, कार्रवाई के बाद खुलेआम दोबारा शुरू हुआ इलीगल निर्माण

लुधियाना/यूटर्न/8 मई। बुड्ढा नाला चांद सिनेमा के नजदीक घोरी बाबा मजार से कुछ मीटर की दूरी पर बिंद्रा कॉलोनी में रिहायशी इलाके में सरेआम इलीगल कमर्शियल निर्माण किया जा रहा है। नगर निगम के एमटीपी विजय कुमार के आदेशों पर निगम जोन-ए के एटीपी कपिल देव और इंस्पेक्टर हरमिंदर सिंह मक्कड़ की अगुवाई में पहुंची टीम ने पिलर और चारदीवारी गिराई। कार्रवाई के महज दो घंटे बाद ही दोबारा से निर्माण शुरू हो गया। अब देखना होगा कि निगम द्वारा उनके ही नियमों को तोड़ने वाले उक्त जमीन मालिक पर एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी या नहीं। चर्चा है कि निगम के ही कुछ मुलाजिमों द्वारा उक्त अवैध निर्माण करने वालों को बिल्डिंग इललीगल से लीगल करने के दांव पेंच बताए हैं। चर्चा है कि इस पूरे खेल में पंजाब के ही किसी दूसरे शहर के बाहुबली का हाथ है। बता दें कि यह निर्माण करीब तीन से 5 हजार गज जमीन पर किया जा रहा है। जिसके लिए निगम से न तो कोई नक्शा पास है और न ही कोई लेआउट प्लान मंजूर किया है।



### निर्माण कार्य पर बैठा रखे बाउंसर

चर्चा है कि उक्त अवैध कार्य करने वाले बाहुबली की और से कई बाउंसर भी वहां तैनात किए हुए हैं। जिन्हें पास के एक घर में ठहराया है। जब भी कोई वहां जाता है, तो उक्त बाउंसर उन्हें पकड़कर धमकाते हैं। चर्चा है कि दूसरे शहर से कुछ कॉलेज स्टूडेंट्स को भी बुलाया गया है।

### एफआईआर क्यों नहीं करवा रहे अधिकारी ?

इस मामले में विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा, निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल के सीधे कार्रवाई के आदेश हैं। उसके बावजूद आखिर निगम अधिकारी पूरी तरह से एक्शन क्यों नहीं ले पा रहे। बेशक बिल्डिंग ब्रांच ने एक बार पीला पंजा चलाया, लेकिन दोबारा से निर्माण शुरू हुआ तो निगम को इस मामले में नियम तोड़ने पर पुलिस को शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करवाकर एक मिसाल कायम करनी चाहिए। हालांकि मामले में एक्शन के आदेश देने वाले एमटीपी विजय कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

### कमिश्नर को एक्शन के दिए आदेश, बदमाशी बर्दाश्त नहीं होगी

वहीं विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने कहा कि उन्हें शुक्रवार को ही मामले की जानकारी मिली है। बिना देरी किए तुरंत निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल को एक्शन लेने के आदेश दिए हैं। अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। वहीं अब पता चला है कि वहां बाउंसर खड़े किए हैं। अगर निर्माण करने वाले हल्के में आकर मेरी जनता के साथ बदमाशी करेगें, तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### जीवनः एक आत्मिक विषय

जीवन एक अनमोल उपहार है जिसे हमें सहेज कर जीना चाहिए। यह केवल सांस लेने का नाम नहीं, बल्कि हर पल को पूरी आत्मा से महसूस करने का अवसर है। जीवन में सुख-दुख, सफलता-विफलता, प्रेम और संघर्ष-ये सभी अनुभव हमें गहराई से जीने का तरीका सिखाते हैं। हर इंसान का जीवन एक कहानी है, जिसमें भावनाओं की गहराई होती है। जब हम दूसरों के दुख-सुख को समझते हैं, तब हमारा जीवन और भी आत्मीय हो जाता है। संवेदनशीलता, करुणा और प्रेम जैसे गुण जीवन को सुंदर बनाते हैं।

जीवन का असली सौंदर्य इसके अनिश्चितता में छिपा है। हम नहीं जानते कि कल क्या होगा, पर यही रहस्य हमें हर क्षण को विशेष बनाने की प्रेरणा देता है। आत्मा की आवाज सुनना और अपने उद्देश्य को पहचानना, जीवन को सार्थक बनाता है। अंततः, जीवन केवल भौतिक उपलब्धियों का नहीं, बल्कि आत्मिक संतोष और संबंधों की मधुरता का नाम है। इसलिए हमें चाहिए कि हम हर दिन को ईमानदारी, प्रेम और आत्मा की गहराई से जीएँ-तभी जीवन वास्तव में 'आत्मिक' बनता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Judicial Separation क्या होता है ?**

तलाक से पहले एक महत्वपूर्ण कानूनी विकल्प होता है—Judicial Separation. कई लोग इसे सीधे तलाक समझ लेते हैं, जबकि दोनों अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं।

Judicial Separation का अर्थ है कि पति-पत्नी कानूनी रूप से अलग रहने की अनुमति ले लेते हैं, लेकिन उनका विवाह (marriage) समाप्त नहीं होता। यानी, वे अभी भी पति-पत्नी ही माने जाते हैं, लेकिन साथ रहने की बाध्यता समाप्त हो जाती है। यह प्रावधान उन परिस्थितियों के लिए होता है, जहां संबंधों में तनाव है, लेकिन तुरंत तलाक लेना आवश्यक या उचित नहीं लगता। अदालत इस स्थिति में दोनों पक्षों को समय देती है, ताकि वे अपने संबंधों पर पुनर्विचार कर सकें। Judicial Separation के दौरान, दोनों पक्ष अलग रह सकते हैं और अपने-अपने जीवन को स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ा सकते हैं। साथ ही, इस दौरान maintenance या अन्य अधिकारों के लिए भी आवेदन किया जा सकता है। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि Judicial Separation के बाद भी पति-पत्नी लंबे समय तक साथ नहीं रहते, तो यह आगे चलकर Divorce के लिए एक आधार (ground) बन सकता है। कई लोग सीधे तलाक की ओर बढ़ जाते हैं, जबकि कुछ मामलों में Judicial Separation एक व्यावहारिक और संतुलित विकल्प हो सकता है।

निष्कर्षः Judicial Separation विवाह को समाप्त किए बिना अलग रहने का कानूनी विकल्प है। यह उन मामलों में उपयोगी है, जहां संबंधों को समय देना आवश्यक हो।

## सांसद संदीप पाठक की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने सोमवार तक लगाई रोक, ट्राइडेंट पर भी कार्रवाई रोकी

लुधियाना/यूटर्न/8 मई। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सांसद संदीप पाठक को राहत मिली है। हाईकोर्ट ने सोमवार तक उन पर एक्शन लेने पर रोक लगा दी। इसमें पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया गया है। जिसमें डिटेल एफिडेविट दाखिल करने को कहा है। राज्य सरकार के वकील ने कहा कि अभी उनके पास ऐसी कोई सूचना नहीं है कि एफआईआर दर्ज हुई या नहीं। सोमवार को इस बारे में जानकारी देंगे। दरअसल, पाठक ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर पंजाब सरकार द्वारा उनके खिलाफ दर्ज केस की कॉपी मांगी थी। पाठक की याचिका पर हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई।



संदीप पाठक राजिंदर गुप्ता

# पुकार एनजीओ का 'लक्ष्य प्रोजेक्ट': जरूरतमंद बच्चों को बांटी स्टेशनरी किट

## 25 बच्चों को मिला शैक्षणिक सहयोग, शिक्षा के प्रति किया प्रेरित

जीरकपुर/यूटर्न/08 मई। समाजसेवी संस्था पुकार - द वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी द्वारा 'लक्ष्य प्रोजेक्ट' के तहत सरकारी प्राइमरी स्कूल, भिशनपुरा (जिला एस.ए.एस नगर) में दूसरा स्टेशनरी ड्राइव सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर, एकल अभिभावक परिवारों और अनाथ बच्चों की शिक्षा को सहयोग देना है। अभियान के दौरान 25 जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी किट वितरित किए गए। प्रत्येक किट में स्कूल बैग, नोटबुक्स, पेन, पेंसिल और ज्योमेट्री बॉक्स शामिल थे। संस्था का मानना है कि शिक्षा के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध करवाने से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनका भविष्य मजबूत होता है।



कार्यक्रम विद्यालय की मुख्य अध्यापिका सुश्री मनवीर कौर की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस अवसर पर नीरू, अमनदीप, ज्योति, पूजा, अल्का, निशा, प्रीति, परमजीत, प्रवेश कुमार, नीरजा, पुनीत कौर, दिशा, जगमीत कौर, बलजीत कौर और अमित सिंगला ने विशेष सहयोग दिया, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पुकार एनजीओ की ओर से संस्थापक शिवानी के साथ कुमुद, नीना, भारत, डॉ. मोहित और आरुषि भी मौजूद रहे। संस्था के सदस्यों ने बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह और खुशी देखने को मिली। संस्था ने विद्यालय स्टाफ और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी 'लक्ष्य प्रोजेक्ट' जैसी पहलों के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा और विकास के लिए लगातार कार्य किया जाएगा, ताकि हर बच्चे को समान अवसर मिल सके।

# निगम कमिश्नर ने शहर वासियों को बड़े स्तर पर स्व-गणना में शामिल होने की अपील की

लुधियाना/यूटर्न/8 मई। नगर निगम कमिश्नर-कम-प्रिंसिपल जनगणना अधिकारी डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने शुक्रवार को डिजिटल जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना के जरिए अपने आवासीय विवरण दर्ज किए। डॉ. गुप्ता ने कहा कि यह पहली बार है कि जनगणना डिजिटल तरीके से की जा रही है और निवासियों को घर बैठे ऑनलाइन विवरण देने का मौका मिला है। स्व-गणना के लिए निवासी पोर्टल se.census.gov.in पर जा सकते हैं। इस पहले चरण के तहत स्व-गणना 30 अप्रैल से शुरू हुई थी और यह 14 मई, 2026 तक जारी रहेगी। जिसमें निवासी




33 सवालों के जवाब ऑनलाइन दे सकते हैं। डॉ. गुप्ता ने बताया कि यह प्रक्रिया सरल और सुरक्षित है, जिससे प्रगणक के इंतजार की जरूरत खत्म हो जाती है। इसके बाद निवासियों को एक यूनिक आईडी (एसई-आईडी) मिलेगी, जिसे 15 मई, 2026 से शुरू होने वाले फील्ड विजिट के दौरान प्रगणक को दिखाना होगा। यह जानकारी पूरी तरह गुप्त रहेगी और इसका उपयोग केवल नीति निर्माण के लिए किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सटीक जानकारी देने की अपील की ताकि सरकार बेहतर कल्याणकारी योजनाएं बना सके। साथ ही, नगर निगम स्टाफ को भी स्व-गणना के निर्देश दिए गए हैं और उनकी मदद के लिए जोनल कार्यालयों में कर्मचारी तैनात किए गए हैं। इस मौके पर जनगणना विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# अंडरपास पर ओवरहेड बैरियर लगाए, बड़े वाहनों पर लगेगी रोक

## रेलवे ब्रिज से टकराव की घटनाओं के बाद लिया फैसला

जीरकपुर/यूटर्न/08 मई। गाजीपुर-सनौली रोड पर रेलवे लाइन के नीचे बने अंडरपास पर अब भारी और ऊंचे वाहनों की आवाजाही पर रोक लगेगी। रेलवे विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए अंडरपास के दोनों ओर ओवरहेड बैरियर स्थापित कर दिए हैं।



रेलवे अधिकारियों के अनुसार पिछले कुछ समय से लगातार भारी और ऊंचे वाहन अंडरपास से गुजरते समय ब्रिज के निचले हिस्से से टकरा रहे थे। इन घटनाओं से न केवल रेलवे ब्रिज की संरचना प्रभावित हो रही थी, बल्कि बड़े हादसे का खतरा भी बढ़ता जा रहा था।

विभाग को मिली जानकारी के मुताबिक कई बार ट्रक और बड़े वाहन अंडरपास में फंस चुके हैं। खासकर बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या के कारण स्थिति और गंभीर हो जाती थी। पानी भरने से वाहन बीच रास्ते में रुक जाते थे, जिससे लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता था और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

स्थानीय नागरिकों और राहगीरों की लगातार शिकायतों के बाद रेलवे अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद अंडरपास के दोनों ओर ओवरहेड बैरियर लगाने का निर्णय लिया गया, ताकि तय ऊंचाई से अधिक बड़े वाहन इस मार्ग से न गुजर सकें। रेलवे विभाग का कहना है कि इस व्यवस्था से रेलवे ब्रिज की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और यातायात व्यवस्था भी सुचारु रूप से संचालित हो सकेगी। वहीं स्थानीय लोगों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे जनहित में जरूरी कदम बताया है।

# चलती एक्टिवा से गिरी महिला, अचानक चक्कर आने से हुआ हादसा

## राहगीरों की मदद से बची जान, 112 टीम ने पहुंचाया अस्पताल, डॉक्टरों ने बताया हालत स्थिर, इलाज जारी





जीरकपुर/यूटर्न/08 मई। चंडीगढ़-अंबाला हाईवे पर शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे एक महिला चलती एक्टिवा से गिरकर घायल हो गई। हादसा उस समय हुआ जब महिला जीरकपुर से चंडीगढ़ की ओर जा रही थी। रास्ते में अचानक चक्कर आने के कारण वह संतुलन खो बैठी और सड़क पर गिर गई। घायल महिला की पहचान सपना (38) पत्नी अशोक के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला के गिरते ही आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसकी मदद की। घटना की सूचना 112 हेल्पलाइन पर दी गई, जिसके बाद सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम मौके पर पहुंची। सड़क सुरक्षा कर्मियों ने महिला को प्राथमिक उपचार देने के बाद बिना देरी किए इलाज के लिए ढकोली अस्पताल पहुंचाया। हादसे के दौरान कुछ समय के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन राहगीरों की सतर्कता के चलते बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पीछे से आ रहे वाहन समय पर नहीं रुकते तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। मौके पर मौजूद लोगों ने न केवल महिला को संभाला, बल्कि ट्रैफिक को भी नियंत्रित करने में सहयोग किया। डॉक्टरों के अनुसार महिला की हालत फिलहाल स्थिर है और उसका इलाज जारी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण अचानक चक्कर आना बताया जा रहा है। वहीं पुलिस और सड़क सुरक्षा टीम ने लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय अस्वस्थ महसूस होने पर तुरंत सुरक्षित स्थान पर रुक जाएं, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# वोटर सूचियों में गड़बड़ी का आरोप, कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग से की शिकायत

## निष्पक्ष जांच और विशेष सत्यापन अभियान की उठाई मांग



जीरकपुर/यूटर्न/08 मई। पंजाब में वोटर सूचियों को लेकर सियासत तेज हो गई है। शुक्रवार को पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब स्टेट इलेक्शन कमीशन पहुंचकर राज्य चुनाव आयुक्त फ्रंकमल चौधरी से मुलाकात की और कथित गड़बड़ियों को लेकर मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई संदीप संधू और पूर्व मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू ने की। इस दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के प्रभाव में वोटर सूचियों में बड़े स्तर पर फेरबदल किया गया है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। नेताओं ने चुनाव आयोग से मांग की कि वोटर सूचियों की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और जिन क्षेत्रों से शिकायतें सामने आई हैं, वहां विशेष सत्यापन अभियान चलाया जाए। उनका कहना था कि कई इलाकों में योग्य मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं, जबकि कुछ स्थानों पर गलत तरीके से नए नाम जोड़े गए हैं। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इन गड़बड़ियों को ठीक नहीं किया गया, तो आगामी चुनावों की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो सकते हैं। उन्होंने आयोग से मामले को गंभीरता से लेने की अपील की। इस मौके पर नगर परिषद जीरकपुर के पूर्व प्रधान उदयवीर ढिल्लों भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया से ही संभव है और वोटर सूची में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी स्वीकार नहीं की जा सकती। प्रतिनिधिमंडल ने अपने मांग पत्र में वोटर सूचियों की दोबारा समीक्षा, फर्जी एंट्रियों की जांच तथा शिकायतों के समाधान के लिए विशेष टीम गठित करने की मांग की। वहीं चुनाव आयोग की ओर से प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया गया कि प्रस्तुत शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# फार्म स्टे पॉलिसी 2026: गांवों में टूरिज्म की नई क्रांति, खेत बनेंगे कमाई के हॉटस्पॉट

चंडीगढ़/यूटर्न/08 मई। पंजाब सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने के लिए 'फार्म स्टे पॉलिसी 2026' को हरी झंडी दे दी है। इस नीति से अब गांव सिर्फ खेती का केंद्र नहीं रहेंगे, बल्कि पर्यटन और रोजगार के बड़े हब के रूप में उभरेंगे। सरकार की इस पहल के तहत पर्यटक अब गांवों में रुककर असली पंजाबी जीवन का अनुभव ले सकेंगे—मिट्टी की खुशबू, खेतों की हरियाली, देसी खाना, ढोल की थाप और लोक संस्कृति का अनोखा संगम उन्हें आकर्षित करेगा।

नीति के अनुसार, कम से कम एक एकड़ जमीन वाला किसान फार्म स्टे शुरू कर सकता है। निर्माण केवल 10% भूमि तक सीमित रहेगा और अधिकतम 9 मीटर ऊंचाई की अनुमति होगी। इसमें 2 से 9 कमरे और 18 बेड तक की व्यवस्था की जा सकेगी। खास बात यह है कि यह सुविधा लीज पर ली गई जमीन पर भी लागू होगी, जिससे ज्यादा लोग इस सेक्टर में उतर सकेंगे। सरकार ने पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाकर आसान और तेज कर दिया है। साथ ही निवेशकों को 10% तक कैपिटल सब्सिडी (5 करोड़ रुपये तक), SGST रिइम्बर्समेंट, मार्केटिंग सपोर्ट और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर दिया गया है—सोलर एनर्जी, ऑर्गेनिक खेती और जल संरक्षण को अनिवार्य बनाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि यह नीति किसानों को 'एग्री-टूरिज्म उद्यमी' बनाएगी और पंजाब को ग्रामीण पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगी।

# विजय की टीवीके ने जादुई आंकड़ा 118 हासिल किया, कांग्रेस, वीसीके और वामपंथी दल साथ आए

चंडीगढ़/यूटर्न/8 मई। कांग्रेस, वीसीके, सीपीआई और सीपीआई(एम) के समर्थन से अभिनेता-राजनेता विजय तमिलनाडु की खंडित विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा पार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सूत्रों के अनुसार, विजय ने शुक्रवार शाम 4.30 बजे राज्यपाल से मिलने का समय मांगा था, लेकिन बाद में यह बैठक शाम 6 बजे के लिए तय की गई। अब आंकड़े विजय के पक्ष में दिख रहे हैं। 234 सदस्यों वाली विधानसभा में टीवीके के पास 107 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस ने अपने पांच विधायकों के साथ समर्थन दिया है। सीपीआई और सीपीआई(एम), जिनके पास दो-दो विधायक हैं, उन्होंने भी आंतरिक बैठकों के बाद टीवीके का समर्थन किया है। विदुथलाई चिरुथैगल काची (वीसीके), जिसके पास दो विधायक हैं, उसने भी विजय का समर्थन करने पर सहमति जताई है। कुल मिलाकर, यह गठबंधन 118 के आंकड़े तक पहुंच गया है, जो सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत का



आंकड़ा है।

**एकदम सामने आई एकजुटता...** विजय के पक्ष में यह अचानक एकजुटता तब सामने आई है, जब राज्यपाल ने एक दिन पहले ही टीवीके प्रमुख को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने से फिर इनकार कर दिया था। राज्यपाल ने कहा था कि पार्टी बहुमत का समर्थन साबित करने में विफल रही है। इस इनकार से एक राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया, जिसमें विपक्षी दलों ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर ₹चोर दरवाजे से राज्यपाल शासन₹ थोपने की कोशिश करने का आरोप लगाया। शुक्रवार को पर्दे के पीछे, चेन्नई भर में जोरदार बातचीत का दौर चला। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने टीवीके के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए समर्थन जुटाने के मकसद से वीसीके प्रमुख थोल थिरुमावलवन से व्यक्तिगत रूप से बात की।

**विजय को मिला समर्थन...** इसके तुरंत बाद, सीपीआई की कार्यसमिति और सीपीआई(एम) के राज्य नेतृत्व ने भी विजय को समर्थन दे दिया। इससे विधानसभा का गणित नाटकीय रूप से बदल गया और अगली सरकार कौन बनाएगा, इस पर बनी अनिश्चितता भी संभवतः समाप्त हो गई। हालाँकि, यह समर्थन बिना किसी तीखी चेतावनी और विजय तथा उनके करीबी लोगों के लिए सार्वजनिक संदेशों के नहीं मिला। एक कड़े शब्दों वाले बयान में, वीसीके नेता सिंथनाई सेल्वन ने भाजपा पर राज्यपाल के कार्यालय का इस्तेमाल करके तमिलनाडु की राजनीति को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर खतरा मंडरा रहा है।

**विजय की आलोचना की...** इसके साथ ही, उन्होंने चुनाव के बाद की स्थिति को संभालने के तरीके को लेकर विजय की खुले तौर पर आलोचना भी की। समर्थन मांगने के लिए व्हाट्सएप पर पत्र भेजना और फिर यह कहना कि 'जवाब दो' — इसे हम किस नजर से देखें? सेल्वन ने यह सवाल उठाते हुए, विजय के आस-पास मौजूद कुछ ₹दूसरी कतार के नेताओं₹ पर उन्हें अलग-थलग करने और राजनीतिक टकराव की ओर धकेलने का आरोप भी लगाया।

# चंडीगढ़ में आधी रात चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, कई सेक्टरों में निगम की कार्रवाई









चंडीगढ/यूटर्न/08 मई। नगर निगम चंडीगढ़ ने शहर में सार्वजनिक सड़कों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए देर रात विशेष अभियान चलाया। यह कार्रवाई रात 10 बजे से लेकर करीब 12:30 बजे तक विभिन्न क्षेत्रों में की गई।

नगर निगम की टीमों ने सेक्टर-19, 22, 34, 37, 40, 17 और 12 के अलावा मनीमाजरा, आईटी पार्क, पीजीआई गेट और नया गांव बैरियर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। अभियान के दौरान वी-4



सड़कों, सार्वजनिक फुटपाथों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से रखे गए रेहड़ी, फड़ी, सामान और अन्य सामग्री को हटाया गया।

निगम अधिकारियों के अनुसार, कई दुकानदार और रेहड़ी संचालक कारोबार खत्म होने के बाद भी अपना सामान सार्वजनिक स्थानों पर छोड़ देते थे, जिससे राहगीरों और वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। अभियान के दौरान जब्त सामान को हटाने और परिवहन के लिए 14 ट्रकों की सहायता ली गई। वहीं कार्रवाई को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए 9 सब इंस्पेक्टर एनफोर्समेंट (रक्ए) सहित फील्ड स्टाफ की तैनाती की गई थी।

नगर निगम के संयुक्त आयुक्त हिमांशु गुप्ता ने कहा कि शहर में स्वच्छता, यातायात व्यवस्था और सार्वजनिक सुविधाओं को बनाए रखने के लिए इस तरह के औचक अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

# पंचकूला नगर निगम चुनाव-2026 की सभी तैयारियां पूरी- उपायुक्त

## 10 मई को होगा मतदान, 13 मई को होगी मतगणना

पंचकूला/यूटर्न/08 मई। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतपाल शर्मा ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पंचकूला नगर निगम चुनाव-2026 की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेयर तथा सभी 20 वार्डों के पार्षद पदों के लिए मतदान 10 मई को निर्धारित मतदान केंद्रों पर प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि सभी वार्डों में 2 लाख 7 हजार 379 मतदाता है, जिसमें 1 लाख 8 हजार 227 पुरूष व 98 हजार 447 महिलाएं और 5 ट्रांसजेंडर शामिल है।



वार्ड नंबर 1 में 5 हजार 713 पुरूष और 4 हजार 977 महिलाएं और 1 अन्य, वार्ड नंबर 2 में 5 हजार 658 पुरूष और 5 हजार 442 महिलाएं, वार्ड नंबर 3 में 4 हजार 857 पुरूष और 4 हजार 645 महिलाएं, वार्ड नंबर 4 में 5 हजार 258 पुरूष और 5 हजार 215 महिलाएं, वार्ड नंबर 5 में 5 हजार 454 पुरूष और 5 हजार 421 महिलाएं, वार्ड नंबर 6 में 4 हजार 359 पुरूष और 4 हजार 349 महिलाएं, वार्ड नंबर 7 में 5 हजार 786 पुरूष और 4 हजार 713 महिलाएं, वार्ड नंबर 8 में 5 हजार 61 पुरूष और 3 हजार 850 महिलाएं, वार्ड नंबर 9 में 4 हजार 675 पुरूष और 4 हजार 341 महिलाएं, वार्ड नंबर 10 में 5 हजार 963 पुरूष, 4 हजार 572 महिलाएं और 1 अन्य, नंबर 11 में 5 हजार 692 पुरूष और 5 हजार 218 महिलाएं, नंबर 12 में 5 हजार 930 पुरूष, 5 हजार 521 महिलाएं, वार्ड नंबर 13 में 5 हजार 940 पुरूष, 5 हजार 558 महिलाएं, वार्ड नंबर 14 में 6 हजार 197 पुरूष, 5 हजार 660 महिलाएं, वार्ड नंबर 15 में 4 हजार 779 पुरूष, 4 हजार 23 महिलाएं, वार्ड नंबर 16 में 5 हजार 778 पुरूष, 5 हजार 220 महिलाएं और 3 अन्य, वार्ड नंबर 17 में 6 हजार 328 पुरूष, 5 हजार 829 महिलाएं, वार्ड नंबर 18 में 5 हजार 610 पुरूष, 4 हजार 930 महिलाएं, वार्ड नंबर 19 में 5 हजार 12 पुरूष, 4 हजार 520 महिलाएं, वार्ड नंबर 20 में 4 हजार 877 पुरूष, 4 हजार 443 महिलाएं शामिल हैं।

# सेक्टर 39 थाना पुलिस ने 10 घंटे में लूट की गुथी सुलझाई, दो लुटेरे गिरफ्तार



चंडीगढ़/यूटर्न/08 मई। चंडीगढ़ पुलिस ने शहर में लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को महज 10 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। दोनों आरोपियों को थाना सेक्टर-39 की टीम ने विशेष अभियान चलाकर दबोचा। पुलिस के अनुसार 7 और 8 मई की दरमियानी रात हुई लूट की घटनाओं के बाद थाना सेक्टर-39 में चार अलग-अलग मामले दर्ज किए गए थे। इन मामलों में एफआईआर नंबर 71, 72, 73 और 74 शामिल हैं। सभी केस भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 309(4), 311, 126(2) और 3(5) के तहत दर्ज किए गए। कार्रवाई एसएचओ इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों का पीछा कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दादूमाजरा कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय मोहित पुत्र रामनिवास और 24 वर्षीय अजय पुत्र रामू के रूप में हुई है। चंडीगढ़ पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनसे अन्य वारदातों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

# आप सांसद को अमित शाह के नाम से कॉल, कहा- दिल्ली आओ तो मिलना

पंजाब/यूटर्न/8 मई। होशियारपुर से अअढ सांसद डॉक्टर राजकुमार चब्बेवाल को 8 मई किसी ने उनके बर्थडे पर गृहमंत्री अमित शाह की आवाज में कॉल कर चौंका दिया। कॉलर ने कहा कि जन्मदिन मुबारक हो। आप मुझसे दिल्ली आकर मिलो। सांसद राजकुमार चब्बेवाल ने बताया कि वह खुद हैरान हैं कि गृहमंत्री ने फोन कर दिल्ली आने के लिए क्यों कहा होगा। सुबह पौने बजे के करीब फोन आया। आवाज हूबहू गृहमंत्री अमित शाह की तरह थी। डॉ. चब्बेवाल ने कहा कि उनका आज बर्थडे है, जिसके चलते वह व्यस्त हैं।



पुलिस से मिलकर शिकायत करेंगे और कॉलर का पता लगाने की कोशिश की जाएगी। किसी ने ये मजाक किया है या फिर क्यों कॉल की, ये जांच का विषय है। हालांकि अभी पुलिस को शिकायत नहीं मिली।

डॉक्टर चब्बेवाल ने क्या कहा... कॉलर की आवाज अमित शाह की आवाज से मेल खाती थी। हालांकि किसी ने ऐसा क्यों किया, पता नहीं। वह पुलिस को कॉलर की डिटेल शेयर कर शिकायत करेंगे। उधर, होशियारपुर के थाना सदर के एसएचओ मल्ली ने कहा कि अभी तक डॉक्टर राजकुमार चब्बेवाल की तरफ से कोई शिकायत नहीं की गई है। अगर शिकायत आती है, तो जांच के बाद कार्रवाई जरूर होगी।

# बेअदबी कानून का विरोध करने वालों को सीएम की दो-टूक, कानून वापस नहीं होगा

पंजाब/यूटर्न/8 मई। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शुक्रवार को बरनाला पहुंचे। वे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी के विरुद्ध बनाए गए सख्त कानून के उपलक्ष्य में आयोजित 'शुकराना यात्रा' में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए बेअदबी की घटनाओं पर पिछली सरकारों की ढिलाई और वर्तमान सरकार की सख्ती पर बात की। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि पंजाब में लंबे समय से शरारती तत्व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं, लेकिन उचित और सख्त कानून न होने के कारण वे बच निकलते थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब आम आदमी पार्टी की सरकार ने ऐसा मजबूत कानून तैयार किया है जिसके तहत गुरु साहिब की बेअदबी करने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान सीएम ने इस कानून के खिलाफ मनगढ़त कहानियां बनाने वालों को दो-टूक कहते हुए बोले कि यह कानून वापिस नहीं लिया जाएगा।



## हाईकोर्ट जाने वाले पर लगा 10 हजार का जुर्माना

संबोधन के दौरान सीएम ने एक महत्वपूर्ण कानूनी जीत का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस और अकाली दल के बहकावे में आकर एक व्यक्ति ने इस सख्त कानून के खिलाफ पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने न केवल उस याचिका को रद्द किया, बल्कि याचिकाकर्ता पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून को अब कोई भी चुनौती देकर रद्द नहीं करवा सकता, क्योंकि इसे सरकार द्वारा लागू करने के बाद राज्यपाल ने भी अपनी मंजूरी दे दी है।

# जालंधर नगर निगम पर 7 करोड़ का जुमार्ना, संत सीचेवाल ने PPCB, निगम अधिकारियों को फटकार लगाई

जालंधर/यूटर्न/8 मई। जालंधर नगर निगम पर तीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के असंतोषजनक प्रदर्शन के कारण 7 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह जानकारी पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में दी। बैठक में काला संघियां ड्रेन, जमशेर ड्रेन और चिट्टी वेई में गिर रहे गंदे पानी को रोकने, वरियाणा कूड़ा डंप को खत्म करने और शहर के सभी एसटीपी की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। इस जुमार्ने पर संत सीचेवाल ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारियों की लापरवाही का बोझ आम जनता पर पड़ेगा, जबकि जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने बस्ती पीरदाद स्थित 50 एमएलडी ट्रीटमेंट प्लांट की खराब कार्यप्रणाली पर भी



अधिकारियों को फटकार लगाई। प्लांट से निकलने वाले स्लज का उचित रिकॉर्ड न रखे जाने पर पीपीसीबी अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

**काला संघियां ड्रेन पर खर्च हुए थे 34 करोड़...** संत सीचेवाल ने बताया कि सरकार ने काला संघियां ड्रेन को 34 करोड़ रुपए खर्च कर पक्का कराया था, लेकिन आज भी इसमें गंदा पानी गिर रहा है और यह स्लज (औद्योगिक इकाईयों से निकलने वाला अवशिष्ट पदार्थ) से भरी हुई है। इस पर उपायुक्त वरजीत वालिया और नगर निगम कमिश्नर संदीप ऋषि ने भरोसा दिलाया कि काला संघियां ड्रेन, जमशेर ड्रेन और शहर के ट्रीटमेंट प्लांटों की कार्यप्रणाली में जल्द सुधार किया जाएगा।

# सफाई कर्मियों के प्रांतीय संघर्ष को कमजोर करने वाले 'दिल्ली के प्यादों' से सावधान रहें: अरुण गिल

## सफाई सेवकों का धरना तीसरे दिन भी जारी; सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/8/मई। सफाई सेवक यूनियन म्युनिसिपल एक्शन कमेटी पंजाब द्वारा अपनी जायज मांगों को लेकर शुरू किया गया संघर्ष आज तीसरे दिन में प्रवेश कर गया है। नगर परिषद जगरांव में चल रहे धरने के दौरान कर्मचारियों का जोश और एकजुटता हर बीतते दिन के साथ और अधिक मजबूत होती दिख रही है। सफाई सेवकों और नगर परिषद कर्मचारियों ने पंजाब सरकार के खिलाफ तीखी नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के तत्काल समाधान की मांग की।

### षड्यंत्रों का पदार्फाश: दिल्ली और सरकार की मिलीभगत पर हमला

इस अवसर पर सफाई सेवक यूनियन म्युनिसिपल एक्शन कमेटी पंजाब के सदस्य और लुधियाना जिला अध्यक्ष अरुण गिल ने कड़े शब्दों में दिल्ली और पंजाब सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा: दिल्ली से पंजाब सरकार को रिमोट कंट्रोल से चलाने वाले नेता, सफाई सेवकों के इस हक की लड़ाई को कमजोर करने के लिए अपने 'पिछलग्गू' प्रधानों के माध्यम से साजिशें रच रहे हैं। कुछ कथित नेता सरकार की बोली बोलकर इस आंदोलन में फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कर्मचारी अब इन चेहरों और उनकी चालों को अच्छी तरह पहचान चुके हैं।

### गद्दारों और अवसरवादियों से बचने की अपील

प्रधान अरुण गिल ने स्पष्ट किया कि सफाई सेवकों को ऐसे गद्दार और अवसरवादी नेताओं से सचेत रहने की जरूरत है, जो कर्मचारियों के हितों का सौदा कर सरकार को फायदा पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही मांगों का समाधान नहीं किया, तो इस संघर्ष को और अधिक उग्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।

**सामाजिक संगठनों का मिला समर्थन:** धरने के दौरान 'ऑल इंडिया भारत विकास युवा सभा' के चेयरमैन संजय कुमार बब्बा और 'ऑल इंडिया भारत विकास सभा' पंजाब के महासचिव सनी मल्होत्रा ने विशेष रूप से पहुंचकर अपना समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सफाई सेवक समाज की रीढ़ हैं और उनकी जायज मांगों को दबाना सरासर नाइंसाफी है।

**मुख्य मांगें और संदेश:** बाहरी हस्तक्षेप और 'दिल्ली के प्रधानों' के प्रभाव को खत्म करना। हक की लड़ाई में फूट डालने वाले नेताओं का बहिष्कार। मांगें न माने जाने पर राज्यव्यापी आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी।

# दूध के 3 सैंपल भरे गए – डॉ. जतिंदर भाटिया

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/08 मई। कमिश्नर फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन पंजाब श्रीमती कंवलप्रीत कौर बराड़ (IAS) तथा डिप्टी कमिश्नर होशियारपुर श्रीमती आशिका जैन (IAS) के दिशा-निर्देशों एवं सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. मनदीप कमल जी के निर्देशों तथा डॉ. जतिंदर भाटिया, डिज़िग्नेटेड ऑफिसर-कम-जिला स्वास्थ्य अधिकारी होशियारपुर की देखरेख में फूड सेफ्टी अधिकारी मुनीश सोढ़ी द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु फूड सेफ्टी टीम की ओर से लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।



# फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चला रहा था चोरी की एक्टिवा, चंडीगढ़ पुलिस ने आरोपी को दबोचा



चंडीगढ़/यूटर्न/8 मई। चंडीगढ़ पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चोरी की एक्टिवा चलाने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जीरकपुर निवासी सत्यम तिवारी के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई यूटी की एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशों पर की गई। मामले की जांच एसपी सिटी केएम प्रियंका और एसडीपीओ साउथ-वेस्ट धीरज कुमार की निगरानी में सेक्टर-39 थाना पुलिस द्वारा की गई।

जानकारी के मुताबिक 7 मई को सेक्टर-39 थाना पुलिस की टीम गश्त पर थी। इस दौरान सेक्टर-38 डिस्पेंसरी के पास एक युवक एक्टिवा पर संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया। पुलिस ने वाहन को रोककर जांच की तो आगे की नंबर प्लेट पर GJ-01-ढश-1299 और पीछे CH-01-अश-1299 अंकित था।

जांच में पता चला कि वाहन का असली नंबर ऋ्रख-01-ढश-1299 है और यह एक्टिवा जीरकपुर के सिंहपुरा इलाके से चोरी की गई थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी सत्याम तिवारी को मौके से गिरफ्तार कर लिया और चोरी की एक्टिवा को कब्जे में ले लिया।

आरोपी के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी का पहले कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# पंजाब में स्किल डेवलपमेंट को रफ्तार के लिए उद्योग-सरकार गठजोड़, हाई-लेवल कमेटी गठित



लुधियाना/यूटर्न/08 मई। जिले के औद्योगिक विकास और युवाओं के कौशल को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पंजाब सरकार और उद्योग जगत ने मिलकर आईटीआई संस्थानों के उन्नयन की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स (CICU) और इंस्टीट्यूट मैनेजमेंट कमेटी (IMC) के प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त मुख्य सचिव तकनीकी शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग विकास प्रताप और निदेशक मोहनिश कुमार से मुलाकात कर सरकारी आईटीआई के सुदृढ़ीकरण पर चर्चा की। बैठक में अधिकारियों ने सरकारी आईटीआई लुधियाना के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उद्योगों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने समराला, जगराओं, हुसैनपुरा और गुजरवाल आईटीआई की तर्ज पर अन्य संस्थानों को भी उन्नत करने का आह्वान किया, ताकि छात्रों को उद्योग आधारित प्रशिक्षण और बेहतर रोजगार अवसर मिल सकें।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उक्त्रव पिछले 10 वर्षों से मेगा जॉब फेयर आयोजित कर रहा है, जिसमें हाल ही में 3,150 युवाओं को नौकरी के अवसर मिले। आगामी जुलाई में फिर से मेगा जॉब फेयर आयोजित करने की योजना है। इस मौके पर लुधियाना जिले के सरकारी आईटीआई के विकास के लिए एक उच्च स्तरीय वर्किंग ग्रुप का गठन किया गया है, जो प्रशिक्षण, प्लेसमेंट, अप्रेंटिसशिप और इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार पर काम करेगा। अधिकारियों ने उद्योग-शिक्षा सहयोग को और मजबूत करने का भरोसा दिया।

# पाकिस्तान पर गरजे राघव चड्ढा, बोले- 'सुधर जाओ, वरना इस्लामाबाद तक पहुंचेगी गंगा'



चंडीगढ़/यूटर्न/08 मई। पाकिस्तान और आतंकवाद को लेकर राज्यसभा सांसद **Raghav Chadha** का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो काशी से लेकर इस्लामाबाद तक गंगा बहेगी और रावलपिंडी में तिरंगा लहराएगा। शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर साझा किए गए वीडियो में राघव चड्ढा ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारत अब केवल पाकिस्तान से नहीं, बल्कि आतंकवाद और आतंकी मानसिकता के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना जिस साहस और शौर्य के साथ जवाब दे रही है, उससे साफ है कि इस बार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई होगी। राघव चड्ढा ने कहा कि दोस्त बदले जा सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं। अगर पड़ोसी पाकिस्तान जैसा हो तो उसे सबक सिखाना जरूरी हो जाता है। उन्होंने देशवासियों से सेना और सीमा पर तैनात जवानों के परिवारों के साथ मजबूती से खड़े रहने की अपील भी की।

अपने संबोधन में उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि निर्दोष लोगों की हत्या मानवता पर कलंक है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए आतंकियों को जवाब देना शुरू कर दिया है और देश की सुरक्षा एजेंसियां पूरी ताकत के साथ कार्रवाई कर रही हैं।

सांसद ने कहा कि भारत की सेना ने पहले भी 1971 के युद्ध, कारगिल और अन्य संघर्षों में पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है और इस बार भी देश पीछे हटने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत शांति चाहता है, लेकिन आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा। वीडियो में राघव चड्ढा ने मुंबई हमले, संसद हमले, पुलवामा और उरी जैसे आतंकी हमलों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश अब आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई के मूड में है। उनके बयान के बाद सोशल मीडिया पर समर्थकों और विरोधियों के बीच बहस भी तेज हो गई है।

## चंडीगढ़ में बम धमकी ई-मेल मामले में बड़ा सुराग, गुजरात कनेक्शन की जांच तेज

चंडीगढ़/यूटर्न/08 मई। शहर के स्कूलों, अदालतों और सरकारी संस्थानों को लगातार मिल रही बम धमकी ई-मेल के मामले में चंडीगढ़ पुलिस को अहम सुराग हाथ लगा है। जांच एजेंसियों ने गुजरात से एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। माना जा रहा है कि जल्द ही इस पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सकता है। सूत्रों के अनुसार पिछले कई महीनों से चंडीगढ़ के विभिन्न स्कूलों, कोर्ट परिसरों और सरकारी दफ्तरों को ई-मेल के जरिए बम धमाकों की धमकियां मिल रही थीं। इन धमकियों के बाद सुरक्षा एजेंसियां लगातार अलर्ट पर थीं और ई-मेल भेजने वालों की तलाश की जा रही थी।

जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि गुजरात पुलिस ने हाल ही में सौरभ बिस्वास नामक युवक को एक साइबर मामले में पकड़ा है। आरोप है कि वह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से हैक किए गए ई-मेल अकाउंट बेचने के नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। अब चंडीगढ़ पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शहर में भेजे गए धमकी भरे ई-मेल में कहीं इन्हीं हैक किए गए ई-मेल अकाउंट्स का इस्तेमाल तो नहीं किया गया। हिरासत में लिए गए युवक से इसी एंगल को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों और साइबर ट्रेल के आधार पर जांच आगे बढ़ रही है। शुरूआती जांच में एक संगठित ऑनलाइन नेटवर्क की आशंका जताई जा रही है, जो फर्जी या हैक किए गए ई-मेल अकाउंट्स का इस्तेमाल कर अलग-अलग राज्यों में धमकी संदेश भेज रहा था। हालांकि पुलिस ने अभी आधिकारिक तौर पर किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है, लेकिन जांच एजेंसियां इस मामले को लेकर जल्द बड़ा खुलासा कर सकती हैं।

## 24 घंटे में एसी पैनल चोरी गैंग का पदार्फाश, तीन आरोपी गिरफ्तार



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/08 मई। थाना सेक्टर-34 पुलिस ने एसी आउटडोर यूनिट चोरी के मामलों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए एसी के आउटडोर पैनल, कंप्रेसर, कॉपर वायर, कॉपर पाइप और यूनिट खोलने में इस्तेमाल किए गए औजार बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई एसएसपी यूटी चंडीगढ़ के निर्देशों पर एसपी सिटी और एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर की निगरानी में थाना-34 के एसएचओ इंस्पेक्टर शाडी लाल की अगुवाई में की गई। पुलिस टीम में एएसआई गुरप्रीत सिंह, एचसी मनविंदर सिंह, सीनियर कांस्टेबल समरजीत, कांस्टेबल अभिमन्यु, गुरप्रीत और सुखदीप शामिल रहे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सा निवासी लुधियाना, करण कुमार निवासी गया (बिहार) और कबाड़ी कारोबारी जितिंदर कुमार निवासी कुराली, मोहाली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मामला सेक्टर-44 निवासी दिलजीत सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि 2 मई की सुबह करीब 4:30 बजे सेक्टर-44डी मार्केट स्थित बूथ नंबर 415, 417 और एससीओ नंबर-358/1 से चार एसी आउटडोर यूनिट चोरी कर लिए गए थे। जांच के दौरान पुलिस ने 5 मई को गुप्त सूचना के आधार पर सेक्टर-33/34 डिवाइडिंग रोड के पास से जसप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी किया गया एक वोल्टास कंपनी का एसी, फर्जी अस्थायी नंबर प्लेट और यूनिट खोलने के औजार बरामद हुए।

# सुवेंदु अधिकारी लेंगे पश्चिम बंगाल के सीएम पद की शपथ; दो डिप्टी सीएम भी होंगे

चंडीगढ़/यूटर्न/8 मई। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में बीजेपी की शानदार जीत के कुछ दिनों बाद, शुक्रवार को सुवेंदु अधिकारी को औपचारिक रूप से पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री घोषित किया गया। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने दिन की शुरूआत में कोलकाता में हुई विधायक दल की बैठक में अधिकारी के नाम का प्रस्ताव रखा। इस बैठक के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सह-पर्यवेक्षक ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी वहां मौजूद थे। गृह मंत्री शाह ने विधायक दल की बैठक में घोषणा करते हुए कहा, मैं पश्चिम बंगाल बीजेपी विधायक दल के नेता के रूप में चुने गए सुवेंदु



अधिकारी के नाम की घोषणा करता हूं।

इस घटनाक्रम के साथ ही पश्चिम बंगाल में 15 साल बाद तृणमूल कांग्रेस के शासन का अंत हो गया। पिछले महीने हुए चुनावों में बीजेपी की जीत ने ममता बनर्जी की सत्ता पर लंबे समय से चली आ रही पकड़ को खत्म कर दिया और उनके राजनीतिक करियर में सबसे बड़े उलटफेरों में से एक साबित हुआ।

## यह श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सरकार

शाह ने आगे कहा, कम्युनिस्ट युग से जो माहौल बना हुआ था, उसे ममता बनर्जी ने और गहरा कर दिया था और वहां वोट डालना लगभग असंभव था। मैं उस विशाल जीत के लिए बहुत आभारी हू जो बंगाल की जनता ने बीजेपी और हमारे नेता नरेंद्र मोदी पर भरोसा करके हमें दी है। उन्होंने कहा, यह श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सरकार है। अधिकारी, जो दिसंबर 2020 में तृणमूल कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे, जहां वह कभी बनर्जी के करीबी सहयोगी थे, मुख्यमंत्री पद के लिए स्पष्ट पसंद के तौर पर उभरे। उन्होंने 2021 में नंदीग्राम में बनर्जी को हराया था और हाल ही में भवानीपुर सीट जो बनर्जी का पारंपरिक गढ़ मानी जाती है, को 15,000 से अधिक वोटों के अंतर से जीता है।

## दो डिप्टी सीएम होने की उम्मीद

माना जा रहा है कि बीजेपी दो उपमुख्यमंत्री नियुक्त करने पर विचार कर रही है। पिछले दो दशकों में बंगाल में किसी ने भी उपमुख्यमंत्री का पद नहीं संभाला है; इस पद को संभालने वाले अंतिम व्यक्ति उद्दट नेता बुद्धदेव भट्टाचार्जी थे, जिन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री ज्योति बसु के कार्यकाल में यह जिम्मेदारी निभाई थी। उप-मुख्यमंत्री के पदों के लिए मुख्य दावेदार जिनमें से एक पद किसी महिला नेता को मिलने की संभावना है, अग्निमित्रा पॉल (जिन्होंने आसनसोल दक्षिण से जीत हासिल की है) और शंकर घोष (सिलीगुड़ी से विजयी उम्मीदवार) हैं। गृह मंत्री शाह ने इन व्यवस्थाओं पर चर्चा करने के लिए कोलकाता में पॉल और घोष के साथ अलग-अलग बैठकें कीं।

## शनिवार सुबह नई सरकार लेगी शपथ

नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार सुबह 11 बजे कोलकाता के मध्य में स्थित ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और भाजपा-शासित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है।

# ममता के आँचल में सिमटा जी.एच.जी अकादमी का प्रांगण

## मदर्स डे पर बच्चों ने माँ के प्रति जताया अगाध प्रेम

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/8/मई। जी.एच.जी अकादमी, जगरांव में 'मदर्स डे' (मातृ दिवस) का पर्व किसी उत्सव से कम नहीं रहा। स्कूल परिसर में आयोजित एक भव्य और 'दयस्पर्शी समारोह के दौरान छात्रों ने अपनी माँ के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता के रंग बिखेरे। इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें केवल छात्रों ने ही नहीं, बल्कि उनकी माताओं ने भी पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लेकर इस दिन को यादगार बना दिया।



### नन्हे बच्चों और माताओं की मस्ती: 'पेपर डांस' और 'टैलेंट शो' की धूम

समारोह की शुरूआत नन्हे-मुन्ने बच्चों (नर्सरी से दूसरी कक्षा) की माताओं के लिए आयोजित विशेष गतिविधियों से हुई। 'पेपर डांस' और 'कप स्टैकिंग' जैसे खेलों ने जहाँ सबका मनोरंजन किया, वहीं 'टैलेंट शो' में माताओं ने अपने हुनर और आत्मविश्वास से मंच पर चार चाँद लगा दिए। स्कूल की ओर से उनकी विशिष्ट प्रतिभाओं के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया।

### रचनात्मकता के जरिए सम्मान: कार्ड, कोलाज और भावुक संदेश

विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी भावनाओं को कला के माध्यम से व्यक्त किया: कक्षा 3 से 5: 'कार्ड मेकिंग' प्रतियोगिता में बच्चों ने रंगीन कागजों और खूबसूरत शब्दों से माँ के लिए अपनी भावनाएं उकेरीं।

कक्षा 6 से 8: 'कोलाज मेकिंग' के जरिए छात्रों ने माँ के निस्वार्थ प्रेम और बलिदान की तस्वीरों को एक फ्रेम में सजाया।

कक्षा 9 से 12: बड़े छात्रों के लिए 'पत्र लेखन' प्रतियोगिता आयोजित की गई, जहाँ स्याही और कागज के मेल से भावुक और विचारपूर्ण संदेश लिखे गए, जिन्हें पढ़कर कई आँखें नम हो गईं।


### मैनेजमेंट का संदेश: 'माँ का सम्मान ही सबसे बड़ा धर्म'

स्कूल प्रबंधन के सदस्य गुरमेल सिंह मल्ही और प्रिंसिपल रमनजोत कौर ग्रेवाल ने बच्चों की इस रचनात्मक पहल की जमकर सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि माँ के त्याग और सहयोग का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता, इसलिए बच्चों को जीवन भर उनका सम्मान करना चाहिए। ₹आज का यह कार्यक्रम केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उन जज्बातों का मेल था जो एक बच्चे और माँ के पवित्र रिश्ते को और गहरा बनाता है। पूरा स्कूल परिसर खुशियों और रचनात्मकता के माहौल में सराबोर रहा। इस समारोह ने न केवल बच्चों को अपनी भावनाएं व्यक्त करने का मंच दिया, बल्कि माताओं के लिए भी यह दिन एक अनमोल स्मृति बन गया।

# दीवार फांद घर में घुसने की कोशिश, सीसीटीवी में कैद हुए संदिग्ध

जीरकपुर/यूटर्न/08 मई। बलटाना स्थित सैनी विहार फेस-3 में देर रात चोरी की कोशिश का मामला सामने आया है। घटना सनातन धर्म शिव मंदिर वाली गली की है, जहां दो संदिग्ध युवक एक मकान में घुसने का प्रयास करते हुए सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात दोनों युवक इलाके में संदिग्ध गतिविधियां करते और रेकी करते नजर आए। बताया जा रहा है कि दोनों आरोपी मकान नंबर 1026 की दीवार फांदकर अंदर घुस गए। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति नाइट ड्यूटी के लिए घर से बाहर निकला और हलचल की आवाज



सुनकर उसने आसपास देखा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जैसे ही व्यक्ति बाहर आया, दोनों युवक घबरा गए और तुरंत दीवार फांदकर मौके से फरार हो गए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते उन्हें भनक न लगती तो बड़ी चोरी की वारदात हो सकती थी। घटना की पूरी तस्वीर इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में दोनों युवक गली में घूमते और मकान के आसपास संदिग्ध गतिविधियां करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। मोहल्लावासियों का कहना है कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में संदिग्ध लोगों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे असुरक्षा का माहौल बन रहा है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात के समय गश्त बढ़ाने और आरोपियों की जल्द पहचान कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# टॉवल लुक में Kiara का 'वेट ग्लैम' अवतार, इंटरनेट पर मचा हंगामा !

Kiara



बारिश की फुहारों के बीच टॉवल रैप में उनका यह सिजलिंग अंदाज तेजी से वायरल हो रहा है। गीले बाल और कॉन्फिडेंट पोज ने फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। गॉसिप है कि यह किसी बड़े ब्रांड शूट का हिस्सा है, जिसकी झलक ने ही बज बना दिया। इंडस्ट्री में उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। फैंस कमेंट कर रहे हैं - 'टॉवल में भी इतना ग्लैम, यही है स्टारडम!'

# 11 मई से लैंड मॉर्गेज बैंकों के बाहर पक्के धरने देंगे किसान

## चेक वापस लेने और वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लागू करने की मांग



डेराबस्सी/यूटर्न/08 मई। भारतीय किसान यूनियन (एकता सिद्धूपुर) ब्लॉक डेराबस्सी की एक अहम बैठक ब्लॉक कार्यकारी प्रधान जसपाल सिंह भांखर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला कन्वीनर जसविंदर सिंहा टिवाणा विशेष रूप से मौजूद रहे।

बैठक में किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि जिला फरीदकोट में लैंड मॉर्गेज बैंक के बाहर लंबे समय से किसानों की मांगों को लेकर धरना जारी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकाला गया है।

यूनियन ने मांग की कि बैंक किसानों से लिए गए चेक वापस करे और डिफॉल्टर किसानों के लिए वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लागू की जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। किसानों का कहना है कि सरकार इस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रही है।

इसी के चलते बैठक में निर्णय लिया गया कि 11 मई से पूरे पंजाब में लैंड मॉर्गेज बैंकों के बाहर पक्के धरने शुरू किए जाएंगे। इसके तहत जिला मोहाली के डेराबस्सी ब्लॉक में भी लैंड मॉर्गेज बैंक के बाहर धरना दिया जाएगा।

बैठक में क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर भी गहरी चिंता जताई गई। नेताओं ने बताया कि गांवों में लगातार भैंस चोरी, ट्यूबवेलों से तार, स्टार्टर और मोटर चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे किसान परेशान हैं।

यूनियन नेताओं ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि इन घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की जाए और चोरी हुआ सामान व पशुधन जल्द से जल्द बरामद कर पीड़ित किसानों को लौटाया जाए।

इस मौके पर प्रेम सिंह राणा, सुभाष राणा, गुरचरण सिंह जौला, मनजीत सिंह, हरी सिंह दप्पर, राजपाल मल्कपुर, सेवा सिंह आलमगीर, हरपाल सिंह बैरामाजरा, करनैल सिंह टिवाणा, परमजीत सिंह बसोली, तेजिंदर सिंह और रणधीर सिंह भांखरपुर सहित कई किसान नेता मौजूद रहे।

# सीएचसी ढकोली में पार्किंग शुल्क विवाद गहराया, वन विभाग ने हटवाए बोर्ड



जीरकपुर/यूटर्न/08 मई। ढकोली स्थित कम्युनिटी हेल्थ सेंटर (सीएचसी) में पार्किंग शुल्क को लेकर शुरू हुआ विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। वीरवार को मामले ने नया मोड़ तब लिया जब वन विभाग की टीम ने अस्पताल के बाहर लगाए गए पार्किंग बोर्ड और शुल्क संबंधी पर्चियां हटवा दीं।

वन विभाग ने स्पष्ट किया कि जिस जमीन पर पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा था, वह फॉरेस्ट विभाग के अधीन आती है और वहां किसी भी प्रकार की फीस वसूली नियमों के खिलाफ है। विभाग की कार्रवाई के बाद संबंधित स्थान पर पार्किंग शुल्क की वसूली तत्काल प्रभाव से बंद कर दी गई।

जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से सीएचसी ढकोली के बाहर वाहन पार्क करने वाले लोगों से शुल्क लिया जा रहा था, जिससे मरीजों और स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही थी। शिकायतें मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

शुक्रवार को विभाग ने दोबारा निरीक्षण करते हुए अस्पताल प्रशासन को नोटिफिकेशन की कॉपी भी सौंपी।




Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372